युवा संगम

छात्र-छात्राओं का दल असम रवाना

असम की कला-संस्कृति से रूबरू होंगे मैनेजमेंट के स्टूडेंट

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

रायपुर . आईआईएम ने सोमवार को भारत सरकार की प्रमुख योजना एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम फेज 5 के तहत असम के लिए छात्रों के दल को रवाना किया। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भारत के युवाओं के बीच एकता, समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, जिससे उन्हें विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और समुदायों को जानने का अनूठा अवसर मिलता है। आने वाले पांच दिनों में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी असम की जीवंत संस्कृति, ऐतिहासिक स्थलों और सामुदायिक जीवन का अन्वेषण करेंगे। राज्य की परंपराओं और मूल्यों को गहराई से समझेंगे। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने कहा यह यात्रा न केवल छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाएगी, बल्कि उनमें सांस्कृतिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के दूत बनने का आत्मविश्वास भी पैदा करेगी।

'परंपराओं और मूल्यों से सीखें युवा'

संस्थान के मड़ई सभागार में आयोजित ध्वज-प्रस्थान समारोह में रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, युवा संगम सिर्फ एक यात्रा नहीं है, यह भारत की समृद्ध विविधता को नजदीक से अनुभव करने और समझ व सहयोग के सेतु बनाने का अवसर है। असम की यात्रा के दौरान मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस अनुभव को पूरी तरह से अपनाएं, क्षेत्र की परंपराओं और मूल्यों से सीखें और उस एकता की भावना को आगे बढ़ाएं जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करती है।

Patrika, 07 Jan 2025, P.01 (Patrika Zoom)